राष्ट्र हित | उद्योग हित | श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथै:

# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)


केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org


पत्रांक: ABOO_WO/2021/011 | दिनांक: 11-05-2021

**अति-आवश्यक**
**ईमेल के माध्यम से**

**सेवा में,**

**प्रमुख सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन**
**लखनऊ|**

**महानिदेशक**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**
**स्वास्थ्य महानिदेशालय उ०प्र०**
**क़ैसरबाग, लखनऊ|**

महोदय,

**समस्त बैंक कर्मियों (Corona Warriors) को प्राथमिकता के आधार**
**Covid Vaccine लगवाने के संबंध में**

जैसा कि विदित है कि **Ministry Of Finance, Department Of Financial Services द्वारा अपने दिनांक 22 मार्च 2021** के पत्र में बैंक कर्मियों को संबोधित कर कहा गया कि **"The Committee notes and appreciates the efforts and pain taken by the banking sector for providing uninterrupted and seamless banking facilities during the Covid-19 outbreak and consequent lockdown. In their sincere efforts to provide continuous service, many of the bank officials also lost their valuable life. The committee therefore, places on record the good work done by the banking sector right from the beginning of the Covid-19 pandemic and observes that they are also recognize as Covid-19 warriors."** (email के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है|)

तत्पश्चात भारत सरकार वित्त एवं सेवा विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा भी समस्त प्रदेशों के प्रमुख सचिवों को संबोधित अपने दिनांक 22 अप्रैल 2021 के पत्रांक DO No.12/1/2020-BO-II के माध्यम से बैंक कर्मियों के कार्यों और योगदान की सराहना की व उन्हें Covid Warriors माना| ऐसा मानते हुए यह भी उल्लिखित किया कि **"All the Officers/ staff of banks, insurance companies and other service providers mentioned above who have not been vaccinated so far are anxious to get themselves vaccinated at the earliest. In the light of the recent Government's decision to open up vaccination to all the persons above the age of 18 years from the 1st May 2021, may I request you to kindly consider putting in place a special dispensation in your State/UT, to enable the aforementioned employees/ staff to avail of vaccination easily and on priority basis."** (email के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है|)

तत्पश्चात **SLBC उत्तर प्रदेश** द्वारा भी **महानिदेशक, संस्थागत वित्त बीमा एव वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय उ०प्र० को संबोधित** अपने दिनांक 27.04.2021 के पत्रांक ल.अं./47/एसएलबीसी/211 द्वारा भी **बैंक कर्मियों (समस्त आयुवर्ग के) को प्राथमिक आधार पर Covid 19 Vaccination की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया ताकि प्रदेश में कार्यरत समस्त बैंक कर्मचारियों द्वारा आमजन तक आवश्यक बैंकिंग सुविधाएं सुचारु रूप से पहुंचाई जा सकें|** (email के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है|)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

परिणामतः दिनांक 15 अप्रैल 2021 को **महानिदेशक, संस्थागत वित्त बीमा एव वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय उ०प्र०** द्वारा **महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशालय उ०प्र० लखनऊ को** संबोधित पत्र संख्या ____/बी-विविध/2020-21 प्रेषित किया गया जिसके माध्यम से भी प्रदेश के समस्त बैंक कर्मचारियों (समस्त आयु वर्ग) को प्राथमिक आधार पर Covid-19 Vaccination की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया| (email के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है|)

किन्तु उपरोक्त समस्त सकारात्मक पत्राचारों के बावजूद भी अभी तक प्रदेश में कार्यरत बैंक कर्मियों को प्राथमिक आधार पर Vaccination हेतु समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, न ही जिलों के स्वास्थ्य विभाग को इस हेतु सूचना ही प्रेषित की गयी है| ऐसी सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं कि अधिकांश जिलों में जब बैंक कर्मियों द्वारा Covid 19 vaccination हेतु स्वास्थ्य विभाग में संपर्क किया गया तो उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि वे Front Line Workers नहीं है अतएव उन्हें प्राथमिकता के आधार पर Vaccinate नहीं किया सकता| उपरोक्त समस्त पत्रों के बावजूद यह अत्यंत स्तबद्ध करने वाला एवं इस Covid 19 के दौरान प्रत्येक समय आवश्यक सेवा के रूप में बैंक में कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए दुखदाई क्षण था| महोदय उदाहरण के तौर पर ही जब केवल अकेला हमारा आर्यावर्त बैंक प्रदेश में 26 जनपदों में 1300 से अधिक शाखाओं 6000 से अधिक कर्मियों के साथ लगभग 1.5 करोड़ से अधिक के ग्राहक आधार के साथ कार्य कर रहा है जिसकी शाखाओं में प्रतिदिन 1.0 लाख से अधिक ग्राहक प्रतिदिन सेवा प्राप्त करता है तो प्रदेश में अन्य 2 ग्रामीण बैंकों में ऐसे ही मिलाकर प्रदेश की एक बहुत विशाल ग्रामीण आबादी की सेवा कर रहा है| जैसा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में Covid monitoring बढ़ाने के निर्देश दिये हैं अतएव स्पष्ट है कि ग्रामीण आबादी का infected होना अत्यंत घातक साबित हो सकता है| ऐसे में भी हमारे बैंक कर्मी अपने निरंतर सेवा भी दे रहे हैं इस कारण कई बैंक कर्मी साथी इस Covid 19 2nd वेव में अपनी जान से हाथ भी धो बैठे हैं और कई Covid संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें सर्वाधिक युवा Bankers भी शामिल हैं| जिलो में bankers को प्राथमिकता से Covid 19 vaccination न हो पाने से न केवल आवश्यक सेवा लगे बैंक कर्मियों के स्वस्थ्य पर संकट की स्थिति उत्पन्न हुई है वरन उनके मनोबल को भी हानि हुई है साथ उनके परिवारों के ऊपर भी संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है|

**अतएव बैक कर्मियों के स्वास्थ्य एवं मनोबल को बनाए रखने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि बैंक कर्मियों को Front Line workers की श्रेणी में declare करते हुए उन्हें व उनके परिवारों, बैंक मित्रों को प्राथमिकता के आधार पर Vaccinate करवाने के उचित प्रबन्ध शीघ्र किए जाएँ ताकि बैंक कर्मी पूर्ण मनोबल के साथ ग्रामीण आबादी की बैंकिंग आवश्यकता को पूर्ण कर सकें एवं निर्भय होकर कार्य कर सकें|**

**भवदीय**

[ Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[ Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

**प्रतिलिपि: 1. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को उपरोक्त अनुरोध के साथ|**
**2. जिला अधिकारी, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बहराइच, बांदा, बाराबंकी, चित्रकूट, एटा, फरुखाबाद, फ़िरोज़ाबाद, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कासगंज, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मिर्ज़ापुर, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र तथा उन्नाव को उपरोक्त अनुरोध के साथ|**
**3. समस्त LDM को जिला प्रशासन से संपर्क कर उपरोक्त अनुरोध पर आवश्यक कार्यवाही हेतु|**

**Dream India: Clean India, Green India**
**(भारत माता की जय)**